दिन– शनिवार दिनांक– 25 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

01. छह नवम्बर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। एनडीए और महागठबंधन के नेता एक दूसरे के ऊपर लगा रहे हैं आरोप।

02 निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से ए.आई. निर्मित सामग्री का ज़िम्मेदारी से उपयोग करने का निर्देश दिया।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, नहाय–खाय के साथ आज से चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू। छठ व्रती कल करेंगे खरना का अनुष्ठान।

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार तेज हो गया है। पहले चरण में छह नवंबर को अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। सभी दलों के स्टार प्रचारक लगातार रैली कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मुंगेर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। श्री शाह ने कहा कि बिहार की जनता जंगलराज की वापसी नहीं चाहती है।

———बाईट———

श्री शाह ने खगड़िया में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि करोड़ों रूपये के भ्रष्टाचार के आरोप में घिरी राजद और कांग्रेस सरकार बिहार का विकास नहीं कर सकती है।

———बाईट———

इधर, चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के रोजगार के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू की गयी है।

———बाईट———

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज खगड़िया में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि एनडीए के बीस वर्षों के शासनकाल में बिहार को

सिर्फ लूटने का काम किया गया है। श्री यादव ने कहा कि उनकी सरकार आने पर माई–बहन मान योजना के तहत सभी महिलाओं का सशक्तिकरण किया जायेगा।

–––बाईट–––

वहीं, विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से भी चुनावी सभा और रोड शो आयोजित किये जा रहे हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मधेपुरा के सिंहेश्वर और दरभंगा के बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने राज्य में विकास की गति को बनाये रखने के लिए लोगों से एक बार फिर एनडीए सरकार बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने रोहतास और सासाराम में कई सभाओं को संबोधित करते हुये आम लोगों से तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाली महागठबंधन से सावधान रहने को कहा। इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने एनडीए सरकार की आलोचना करते हुये कहा कि भाजपा चुनाव के समय ही घुसपौठियों का मुद्दा जोर–शोर से उठाती है। विकासशील इंसान पार्टी वीआईपी के संस्थापक मुकेश सहनी ने राज्य के विभिन्न इलाकों में महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट देने की अपील की। वहीं, जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशेर ने मोतिहारी में जनसभा को संबोधित करते हुये लोगों से रोजगार और पलायन के मुद्दे पर पार्टी को वोट देने का आह्वान किया। सीपीआई, सीपीएम, माले, बसपा और एआइएमआईएम के अलावा तेज प्रताप के नेतृत्व वाले जनशक्ति जनता दल के नेताओं ने भी अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में रोड शो और चुनावी सभा की।

समाचार कक्ष से मैं निखिल रंजन।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छठ पर्व के बाद एक बार फिर चुनाव प्रचार के लिए बिहार आयेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आज पटना में बताया कि प्रधानमंत्री तीस अक्टूबर को मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

विधानसभा चुनाव में, एनडीए और महागठबंधन दोनों को बड़ी संख्या में बागी उम्मीदवारों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सत्तारूढ़ भाजपा और जदयू ने कई वर्तमान विधायकों को टिकट नही दिए हैं। दूसरी ओर, राजद के कई पूर्व और वर्तमान विधायक, महागठबंधन के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इससे चुनाव परिणाम प्रभावित होने की संभावना है।

–––बाईट–––

रोहतास जिले की दिनारा सीट पर एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी के खिलाफ पूर्व मंत्री और जनता दल यूनाइटेड के पूर्व नेता जयकुमार सिंह, बागी उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान हैं। यहां राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने आलोक कुमार सिंह को जबकि राष्ट्रीय जनता दल ने शशि शंकर कुमार को चुनावी मैदान में उतारा है। डेहरी विधानसभा सीट पर टिकट कटने से नाराज फतेह बहादुर सिंह अपनी ही पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के गुड्डू कुमार चंद्रवंशी के खिलाफ चुनावी मैदान में उतर गए हैं। काराकाट सीट पर भाजपा के स्टार प्रचारक और भोजपुरी

गायक पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। टिकट पाने से वंचित कई वर्तमान विधायकों, पूर्व विधायकों और पूर्व मंत्रियों के बागी उम्मीदवार के रूप में खड़े होने से कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव परिणाम में बड़ा उलट फेर होने की संभावना जताई जा रही है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

———————————————————

चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा कदम उठाते हुये पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य अविनाश पांडेय को बिहार चुनाव का रणनीतिकार बनाया है। श्री पांडेय ने कहा कि उनका स्पष्ट उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना, कार्यकर्ताओं के उत्साह को दिशा देना और बिहार चुनाव में कांग्रेस की जीत को सुनिश्चित करना है।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और प्रचार प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान कृत्रिम रूप से और एआई–जनित सामग्री का ज़िम्मेदारी से उपयोग करने का परामर्श दिया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्ताईसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————

लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व आज नहाय–खाय के साथ शुरू हो गया है।

———म्यूजिक———

नहाय खाय के दिन छठव्रती पवित्र स्नान के बाद सात्विक रुप से तैयार अरवा चावल और कद्दू की सब्जी प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। कल खरना का अनुष्ठान होगा। खरना का महाप्रसाद ग्रहण करने के बाद छठव्रती छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास रखेंगे। सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। इसके

अगले दिन यानि मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय महापर्व का अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा।

———म्यूजिक———

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ पर्व के अवसर पर देश और दुनिया भर के श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने छठ की बढ़ती वैश्विक मान्यता को भी स्वीकार किया और कहा कि दुनिया भर में भारतीय परिवार पूरे मनोयोग से इस अनुष्ठान में भाग लेते हैं। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने छठी मैया को समर्पित एक भक्ति गीत भी साझा किया।

———म्यूजिक———

———————————————————————

रेलवे ने छठ पूजा के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त संख्या के बीच देश भर में सुगम और सुरक्षित यात्रा के व्यापक प्रबंध किए हैं। रेल यात्रियों ने रेलवे द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें रेलगाडियां पकड़ते समय किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

———बाईट———

एक्सप्रियंसिस तो मेरा बहुत अच्छा रहा है कि टिकट मिल गई मेरी फैमली अच्छे से आ गई और इस फेस्टिवल में क्योंकि इतनी भीड और डेल्ही में अब कितना क्राउड होता था चलने में। बट वहां पर भी काफी अच्छा कर रखा था। कोई प्रोब्लम नहीं हुई जैसा मैंने सोचा था डर रही थी मैं उस हिसाब से। बहुत अच्छा रहा।

एक अन्य यात्री ने बताया कि रेलगाडियां यथा समय संचालित हो रही हैं।

———बाईट———

बहुत ही अच्छा अनुभव रहा है कि ये गाडी में सीट भी मिल जा रहा है और उसके बाद ये टाइमिंग से भी गाडी पहुंच गई। थोडा लेट हुआ लेकिन टाइम से और बहुत ही इस ट्रेन से सहूलियत हो रहा है।

———————————————————————

वहीं, औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक सूर्य मंदिर देव में आज से चार दिवसीय कार्तिक छठ मेले की शुरूआत हुई। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किये गये हैं। विधि–व्यवस्था बनाये रखने के लिए सशस्त्र बल की तैनाती की गयी है। इधर, पटना जिले में बाढ़ स्थित पुण्यार्क मंदिर, मसौढ़ी अनुमंडल स्थित सूर्य मंदिर, दुल्हिन बाजार के उलार्क, शेखपुरा के तेउस सूर्य मंदिर, बक्सर के राम रेखा घाट, नवादा जिले के हंडिया सूर्य मंदिर, गया के दक्षिणार्क सूर्य देवालय और नालंदा जिले में बड़गांव के बालार्क तथा औंगारी गांव स्थित अंगार्क सूर्य मंदिर में भी बड़ी संख्या में छठ व्रती पहुंच रहे हैं।